बरेली, शुक्रवार
24 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण inext

सेमी फाइनल में SPS और बासुबरल

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (23 April) : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के नौवें दिन तीसरा और चौथा क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया. तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच में सोबती पब्लिक स्कूल ने जमुना प्रसाद मेमोरियल (जेपीएम) स्कूल को 53 रन से पराजित कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया. जबकि चौथे क्वार्टर फाइनल मैच में बासुबरल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने बेदी इंटरनेशनल की टीम को 17 रन से हराकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया.

सृजन ने जीता टॉस

एसआरएमएस स्टेडियम में 17वें और तीसरे क्वार्टर फाइनल में सोबती के कप्तान सृजन शर्मा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 160 रन बनाए. इसके जवाब में जेपीएम की टीम 17.5 ओवर में सिर्फ 107 रन बना सकी. नतीजा सोबती पब्लिक स्कूल ने 53 रन से जेपीएम को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया. जहां उसका मुकाबला एसआर की टीम से होगा. तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच में 12 चौकों की मदद से 73 रन बनाने के साथ एक विकेट लेकर सोबती की जीत के नायक बने काजी हमजा अहमद को मैन आफ द मैच चुना गया.

अच्छी नहीं रही शुरुआत

टूर्नामेंट के 18वें और चौथे क्वार्टर फाइनल मैच में बासुबरल के कप्तान शिव प्रताप शुक्ला ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. टीम ने 17.1 ओवर में सारे विकेट खोकर 117 रन बनाए. 117 रन का पीछा उतरी बेदी इंटरनेशनल की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही. मैच टीम की पकड़ में बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन किसी अन्य खिलाड़ी का साथ न मिलने से टीम निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 100 रन ही बना सकी. नतीजा बासुबरल ने 16 रन से बेदी इंटरनेशनल को हराकर सेमी फाइनल में पहुंचने का गौरव हासिल किया. टीम के हारने के बाद भी 51 गेंदों पर 59 रन बनाने वाले बेदी के विशाल को मैन आफ द मैच चुना गया.